Title: Need to provide telephone facilities in Singhbhum Parliamentary Constituency, Jharkhand- Laid.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : उपाध्यक्ष महोदय, देश में कई भागों में टेलीफोन के संबंध में अच्छे विकास हुए और आधुनिक ढंग से उपकरणों से लोगों को सुविधा मिल रही है। परन्तु मेरे सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के ब्लाक तांतनगर, सुनवा, कुमारडोली, मंझगांव, टूनटो एवं डाहिल केरा अभी तक टेलीफोन से नहीं जोड़ा गया है। यह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और अत्यंत पिछड़ा हुआ इलाका है, जिसके कारण यहां के आदिवासी लोगों को विकास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आधुनिक एवं नव तकनीकी के होते हुए इन क्षेत्रों में टेलीफोन की सुविधा नहीं मिलना आश्चर्यजनक है।

मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इन ब्लाकों को टेलीफोन सेवा से तत्काल जोड़ा जाये।